रेलवे कर्मचारी घर बैठे ले सकेंगे ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): देशभर में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच लोगों को अन्य बीमारियों के लिए भी चिकित्सा परामर्श नहीं हो पा रहा है। ऐसे में रेलवे ने परिस्थितियों को सामान्य बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

इसी क्रम में अब रेलवे कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य सामान्य बीमारियों के लिए घर बैठे ऑनलाइन चिकित्सा परामर्श ले सकेंगे। दरअसल कोरोना के मद्देनजर उत्तर रेलवे के अस्पतालों व स्वास्थ्य इकाइयों में सामान्य बीमारियों के उपचार के लिए लोगों की भीड़ कम करने के लिए टेलीकंसल्टेशन ऐप विकसित किया है। इसके अलावा एक कोविड पोर्टल और एक मोबाइल ऐप भी तैयार किया गया है।

कोविड पोर्टल व मोबाइल ऐप भी किया विकसित...

रेलटेल ने मरीजों के लिए एक कोविड पोर्टल और मोबाइल ऐप भी विकसित किया है। कोविड पोर्टल इलाज की बेहतर निगरानी के लिए कोविड रोगियों से संबंधित सभी डेटा को कैप्चर और रख-रखाव करता है। रोगी मोबाइल ऐप चिकित्सा लाभार्थियों को एक ही स्थान पर अपने मेडिकल रिकॉर्ड तक पहुंचने में सक्षम बनाता है। अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली एक एकीकृत दैनिक सूचना प्रणाली है जिसे बेहतर अस्पताल प्रशासन और रोगी स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरे भारत में 125 रेलवे स्वास्थ्य सुविधाओं और 650 पॉलीक्लिनिक में क्रियान्वित किया जाना है।